# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## षष्ठम्

## फरवरी–मार्च, 2026 सत्र

वित्तीय वर्ष 2026–2027 के लिये अनुदानों की मांगों पर

# कटौती प्रस्ताव भाग - तीन

मांग संख्या – 15, 49, 53, 64, 47,

मांग संख्या – 1, 2, 12, 25, 32, 23, 45, 57, 75, 60, 65, 71 एवं 77 से संबंधित

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

| क्र. | मा. मंत्री का नाम | मांग संख्या | विवरण | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री गुरु खुशवंत साहेब** | 15 | अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता | 1 घंटा |
| | | 49 | अनुसूचित जाति कल्याण | |
| | | 53 | अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता | |
| | | 64 | अनुसूचित जाति उपयोजना | |
| | | 47 | कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग | |
| 2. | **श्री विष्णुदेव साय** | 1 | सामान्य प्रशासन | 2 घंटे |
| | | 2 | सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय | |
| | | 12 | ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय | |
| | | 25 | खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय | |
| | | 32 | जनसम्पर्क विभाग से संबंधित व्यय | |
| | | 23 | जल संसाधन विभाग | |
| | | 45 | लघु सिंचाई निर्माण कार्य | |
| | | 57 | जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं | |
| | | 75 | जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाएं | |
| | | 60 | जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय | |
| | | 65 | विमानन विभाग | |
| | | 71 | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग | |
| | | 77 | सुशासन एवं अभिसरण विभाग से संबंधित व्यय | |

इस संकलन में छत्तीसगढ़ विधान सभा के फरवरी—मार्च, 2026 सत्र में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026—2027 के आय—व्ययक के संबंध में उपर्युक्त मांग संख्याओं से संबंधित माननीय सदस्यों से प्राप्त कटौती प्रस्तावों की ग्राह्य सूचनाओं को सम्मिलित किया गया है, कटौती प्रस्तावों में आंशिक रूप में कुछ आवश्यक सुधार किये गये है।

**दिनेश शर्मा**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

वित्तीय वर्ष 2026–2027 के लिये अनुदान की मांगों पर कटौती प्रस्ताव **भाग – तीन** में सम्मिलित मांग संख्याओं पर निम्नलिखित माननीय सदस्यों के कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं :–

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष
2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य
3. श्री उमेश पटेल, सदस्य,
4. श्री कवासी लखमा, सदस्य
5. श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य
6. श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य
7. श्री दिलीप लहरिया, सदस्य
8. श्री द्वारिकाधीश यादव, सदस्य
9. श्री दलेश्वर साहू, सदस्य
10. श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी, सदस्य
11. श्रीमती चातुरी नंद, सदस्य
12. श्रीमती अंबिका मरकाम, सदस्य
13. श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य
14. श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य
15. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य
16. श्री ब्यास कश्यप, सदस्य
17. श्रीमती चातुरी नंद, सदस्य
18. श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, सदस्य
19. श्री संदीप साहू, सदस्य
20. श्री इंद्र साव, सदस्य
21. श्री जनक ध्रुव, सदस्य
22. श्री देवेन्द्र यादव, सदस्य
23. श्री ओंकार साहू, सदस्य
24. श्री तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, सदस्य

---

# मांग संख्या– 15

# अनुसूचित जाति उपयोजनांतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता

| | |
|---|---|
| मतदेय राशि | रूपये 1,83,65,16,000 |

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 50

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

अनुसूचित जाति उपयोजनांतर्गत पंचायतों के अधोसंरचना विकास करने का उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 49

# अनुसूचित जाति कल्याण

मतदेय राशि रूपये 7,15,39,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 25

1. डॉ चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों के सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की कार्ययोजना का कोई उल्लेख नहीं है।

2. श्री दिलीप लहरिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय प्री–मैट्रिक कमला नेहरू नवीन कन्या छात्रावास, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर की सीट वृद्धि करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय प्री–मैट्रिक कमला नेहरू पुराना कन्या छात्रावास, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर की सीट वृद्धि करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (3) मस्तूरी विधानसभा के मस्तूरी स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास हेतु नवीन भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (4) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास, रिंग रोड, बिलासपुर हेतु नवीन भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (5) मस्तूरी विधानसभा के ग्राम पचपेड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (6) मस्तूरी विधानसभा के ग्राम पचपेड़ी में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (7) मस्तूरी विधानसभा के ग्राम सीपत में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (8) मस्तूरी विधानसभा के ग्राम सीपत में अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (9) मस्तूरी विधानसभा के ग्राम धनगवां में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (10) छात्रावास के विद्यार्थियों को प्रदत्त भोजन सहाय योजना में वृद्धि करने का उल्लेख नहीं है।

   (11) प्री मैट्रिक छात्रावास के विद्यार्थियों को प्रदान किये जाने वाले शिष्यावृत्ति में वृद्धि करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(12) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, रिंग रोड, बिलासपुर की सीट वृद्धि करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(13) छात्रावासों में आयोजित होने वाले बाबा गुरू घासीदास समारोह की राशि में वृद्धि करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(14) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय प्री–मैट्रिक कमला नेहरू नवीन कन्या छात्रावास, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में नवीन भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(15) बिलासपुर जिला अंतर्गत शासकीय प्री–मैट्रिक कमला नेहरू पुराना छात्रावास, बृहस्पति बाजार, बिलासपुर में नवीन भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

## मांग संख्या– 53

## अनुसूचित जाति उपयोजनांतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता

| | |
|---|---|
| मतदेय राशि | रूपये 1,84,04,17,000 |

### बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 50

कोई भी कटौती प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए।

# मांग संख्या– 64

# अनुसूचित जाति उपयोजना

मतदेय राशि रूपये 1,25,97,02,92,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 50

1. डॉ चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   अनुसूचित जाति उपयोजना मद में आवश्यकतानुसार राशि का प्रावधान नहीं किया गया है।

2. श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) गुण्डरदेही विधान सभा अंतर्गत देवरी से मार्रीआट डी 600 में पुलिया निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) गुण्डरदेही विधान सभा अंतर्गत गोरकापार से लानाकोट आर.डी. 2460 में पुलिया निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

3. श्रीमती चातुरी नंद, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   गाड़ा समाज के लिये रायपुर में भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 47

## कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग

मतदेय राशि रूपये 4,89,16,28,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक –42

1. **डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

   संचालित आई.टी.आई. केन्द्रों में ट्रेड प्रशिक्षकों के पदों में स्थाई भर्ती करने का कोई उल्लेख नहीं है।

2. **श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   (1) प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण पश्चात् शत–प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रतिमाह प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।

   (3) प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है।

3. **श्री कवासी लखमा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   (1) बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

4. **श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   (1) प्रदेश के तकनीकी शिक्षण संस्थाओं में आधुनिक उपकरणों, संसाधनों की व्यवस्था करने का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

5. **श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रतिमाह प्रदान करने का उल्लेख नहीं है।

6. **श्री दलेश्वर साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   जिला राजनांदगांव के लाल बहादुर नगर में आई.टी.आई की स्थापना तथा छात्रावास भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

7. **श्री दिलीप लहरिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं है।

8. **श्री द्वारिकाधीश यादव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

कोमाखान में आई.टी.आई. खोलने का कोई उल्लेख नहीं है।

9. **श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

अकलतरा में बी.एड. कॉलेज की स्थापना करने का कोई उल्लेख नहीं है।

10. **श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) जांजगीर जिले में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी की स्थापना करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) पामगढ़ विधान सभा अंतर्गत संचालित औद्योगिक एवं लघु प्रशिक्षण केन्द्रों को सुविधायुक्त बनाने का कोई उल्लेख नहीं है।

11. **श्री देवेन्द्र यादव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई में नवीन प्रशासकीय भवन एवं कर्मशाला भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (महिला) भिलाई के आंतरिक मार्ग निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(3) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई परिसर में पूर्व निर्मित केनाल रोड के दोनों ओर बाउण्ड्रीवाल निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(4) भिलाई नगर विधान सभा अंतर्गत लाइवलीहुड महाविद्यालय हेतु भवन निर्माण करने का कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 01

# सामान्य प्रशासन

मतदेय राशि रूपये 6,12,29,20,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 1

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

    (1) प्रदेश में निर्वाचित जन–प्रतिनिधियों को शासकीय कार्यालयों से जानकारी प्राप्त करने हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

    (2) प्रदेश में कार्यरत अनियमितता कर्मचारियों के नियमितीकरण की योजना का प्रावधान नहीं है।

2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

    (1) कर्मचारियों का चार स्तरीय वेतनमान देने का कोई उल्लेख नहीं है।

    (2) प्रदेश के कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का कोई उल्लेख नहीं है।

3. श्री कवासी लखमा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

    अनियमित कर्मचारियों के हितों के संदर्भ में कोई उल्लेख नहीं है।

4. श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

    (1) प्रदेश के विभिन्न विभागों में वर्षो से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु बजट में उल्लेख नहीं है।

    (2) विधान सभा क्षेत्र डौंडीलोहारा में शासकीय कार्यालय के निर्माण हेतु बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

    (3) विभिन्न वर्ग के कर्मचारियों के वेतन में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

5. श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

    (1) प्रदेश में कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

(2) प्रदेश में आऊटसोर्सिंग बंद करने का कोई उल्लेख नहीं है।

(3) प्रदेश में रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध भर्ती का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

6. **श्री दलेश्वर साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

जिला–राजनांदगांव में शासकीय आवासीय गृहों के निर्माण के संबंध में बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

7. **श्रीमती शेषराज हरबंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) विभागों में पदोन्नति पर आरक्षण नियमों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

(2) अधिकांश विभागों में प्रतिनियुक्ति पर चल रहे पदों पर नियमित पदों की भर्ती का उल्लेख नहीं है।

(3) प्रदेश में सभी विभागों में समय पर रिक्त पदों को भरे जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

(4) प्रदेश में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वार्षिक वेतनवृद्धि का उल्लेख नहीं है।

8. **श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

प्रदेश में रिक्त अधिकारियों के पदों की समयावधि में भर्ती का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

# मांग संख्या– 02

## सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित व्यय

मतदेय राशि रूपये 30,92,00,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 1

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

प्रदेश के निर्वाचित विधायकों को लिपकीय कार्य हेतु स्वेच्छा से एक कर्मचारी पदस्थ करने का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

# मांग संख्या– 12

# ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय

मतदेय राशि रूपये 42,36,01,61,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 13

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   बढ़ी हुई बिजली दर को कम करने का कोई उल्लेख नहीं है।

2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) निःशुल्क बिजली प्रदाय करने का कोई प्रावधान नहीं है।

   (2) प्रदेश के किसानों को पूरा बिजली बिल माफ करने का कोई उल्लेख नहीं है।

3. श्री कवासी लखमा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   राज्य के सुदुर ग्रामीण अंचलों में विद्यूत विस्तार किये जाने हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

4. श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   निःशुल्क बिजली प्रदाय करने का कोई उल्लेख नहीं है।

5. श्री दलेश्वर साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक आस्था केन्द्रों, चौक–चौराहों में सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना हेतु बजट में स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

6. श्री द्वारिकाधीश यादव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) प्रत्येक गांव के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाली लाईट स्थापित किये जाने का उल्लेख नहीं है।

   (2) 24 घंटे बिजली आपूर्ति एवं अनियमित बिजली बिलों से राहत संबंधी कोई उल्लेख नहीं है।

7. श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य : एक रूपये की कमी जावे.

गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सौर आधारित योजनान्तर्गत सामुदायिक आस्था केन्द्रों, चौक–चौराहों में सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना हेतु बजट में स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

8. श्री संदीप साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत उर्जित करने हेतु विद्युतविहीन ग्रामों–टोलो (मजरा) में ऊर्जीकरण के लिए बजट में उल्लेख नहीं है।

9. श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

बढ़ती बिजली बिल दर पर नियंत्रण किये जाने हेतु नियम का उल्लेख नहीं है।

10. श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक आस्था केन्द्रों, चौक–चौराहों में सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना हेतु बजट में स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

11. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

(1) बिजली की दरों में कमी लाने का कोई प्रावधान नहीं है।

(2) बलौदा में नए 132 के.व्ही.ए. सब–स्टेशन निर्माण का कोई प्रावधान नहीं है।

12. श्री जनक ध्रुव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

गरियाबंद के राजापड़ाव क्षेत्र के विद्युतविहीन ग्रामों में विद्युतीकरण का उल्लेख नहीं किया गया है।

13. श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

विधान सभा क्षेत्र पाली–तानाखार में विद्युत विस्तार जैसे 132 के.व्ही., 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की स्थापना हेतु कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 25

# खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय

मतदेय राशि रूपये 11,45,89,99,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 12

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला उत्खनन पर रोक लगाने हेतु कार्य योजना का उल्लेख नहीं है।

2. श्री भूपेश बघेल , सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) अवैध रेत उत्खनन रोकने का कोई प्रावधान नहीं है।

   (2) खनिजों के अवैध परिवहन को नियंत्रित करने हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

3. श्री कवासी लखमा, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   राज्य में हो रहे अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

4. श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   खनिज क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार हेतु विशेष बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

5. श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) अवैध रेत उत्खनन रोकने का कोई प्रावधान नहीं है।

   (2) खनिजों के अवैध परिवहन को नियंत्रित करने हेतु कोई उल्लेख नहीं है।

6. श्री दिलीप लहरिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने का कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 32

## जनसंपर्क विभाग से संबंधित व्यय

मतदेय राशि — रूपये 4,69,99,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 24

1. **डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.**

   प्रदेश के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, वेबपोर्टल संचालित करने वाले पत्रकारों के सरंक्षण का उल्लेख नहीं है।

2. **श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा कानून का कोई उल्लेख नहीं है।

3. **श्री लखेश्वर बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   (1) पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा कानून का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) संवाद के माध्यम से जारी विज्ञापनों पर संवाद द्वारा लिये जाने वाले कमीशन के कारण विज्ञापन की लागत बहुत बड़ जाती है, विज्ञापन सीधे भी दिये जा सकते है, इस पर चर्चा कोई उल्लेख नहीं है।

4. **श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

   पत्रकारों के निजी आवास निर्माण हेतु पत्रकार गृह निर्माण योजना का कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 23

## जल संसाधन

मतदेय राशि रूपये 17,94,39,17,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 31

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   प्रदेश में औद्योगिक ईकाईयों के लंबित जलकर वसूली की कोई कार्य योजना का उल्लेख नहीं है।

2. श्री भूपेश बघेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) जल संरक्षण हेतु विशेष कार्य योजना का कोई उल्लेख नहीं है।

   (2) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के राज्यांश बजट में कोई विशेष प्रावधान का उल्लेख नहीं है।

3. श्री उमेश पटेल, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) रायगढ़ जिला के केलो डेम को पूर्ण कर किसानों के खेतों तक पानी पहुचाए जाने का उल्लेख नहीं है।

   (2) रायगढ़ जिला के माण्ड नहर के मुख्य नहर एवं शाखा नहर को सी.सी. किये जाने का कोई उल्लेख नहीं है।

4. श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   नल–जल योजना हेतु बालोद जिले में बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

5. श्री दलेश्वर साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   (1) विधान सभा डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम भोथली से गाजमर्रा मार्ग नाला में पुलिया (रपटा निर्माण कार्य का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

   (2) विधान सभा डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम–खैरा में स्टॉप डैम निर्माण कार्य ( विकासखण्ड डोंगरगढ़, राजनांदगांव) हेतु बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

6. श्रीमती अंबिका मरकाम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

जिला–धमतरी अंतर्गत ग्राम झुंझराकसा के पास अमलीपारा नाला में स्‍ऑपडैम निर्माण कार्य हेतु बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

7. श्री द्वारिकाधीश यादव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

(1) पुलिया स्‍ऑपडैम निर्माण कार्य का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) बरतुंगा से गड़बेड़ा नदी में एनीकट निर्माण का उल्लेख नहीं है।

8. श्री दिलीप लहरिया, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

विधान सभा क्षेत्र मस्तुरी अंतर्गत खारंग जलाशय, मस्तुरी नहर के अंतर्गत ग्राम डगनियां में माईनर शाखा निर्माण कार्य का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

9. श्री कुंवर सिंह निषाद, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

जिला–बालोद अंतर्गत गुंडरदेही विधान सभा क्षेत्र के ग्राम–सिकोसा स्थित फर्शी खदान से उद्‌वहन सिंचाई योजना प्रारंभ करने का उल्लेख नहीं किया गया है।

10. श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

(1) जल संसाधन में प्रावधानित राशि का समुचित उपयोग के लिए पारदर्शी एवं कल्याणकारी विस्तृत कार्ययोजना का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) जल संसाधन एवं संवर्धन हेतु तालाबों क गहरीकरण आदि समग्र रूप से कोई कार्ययोजना का उल्लेख नहीं है।

11. श्री संदीप साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत समोदा जलाशय/व्यपवर्तन सिंचाई परियोजना का विस्तार कसडोल विकासखण्ड के ग्रामों का उल्लेख नहीं है।

12. श्री ब्यास कश्यप, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

जिला –जांजगीर–चांपा के औद्योगिक संस्थानों की बकाया जलकर की राशि वसूलने का उल्लेख नहीं है।

13. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

(1) अकलतरा के पोडीदन्हा जलाशय का जीर्णोद्धार का प्रावधान नहीं है।

(2) बलौदा के कुरमा गांव में स्थित मर्य झोवखी बांध का जीर्णोद्धार का उल्लेख नहीं है।

**14. श्री ओंकार साहू, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

(1) धमतरी जिले के गंगरेल बांध से प्रभावित लोगों को रोजगार, मुआवजा, नौकरी का कोई उल्लेख नहीं है।

(2) धमतरी जिले के डुबान क्षेत्र के विकास का कोई उल्लेख नहीं है।

**15. श्री जनक ध्रुव, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

गरियाबंद जिले के बरहीनाला में नहर लाईनिंग कार्य का उल्लेख नहीं है।

**16. श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.**

विधान सभा क्षेत्र पाली–तानाखार में नवीन जलाशय (सिंचाई) निर्माण का उल्लेख नहीं है।

## मांग संख्या– 45

## लघु सिंचाई निर्माण कार्य

मतदेय राशि रूपये 8,46,12,65,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 31

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

प्रदेश में लघु सिंचाई संरचना के निर्माण हेतु समुचित प्रावधान नहीं है।

## मांग संख्या– 57

# जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं

मतदेय राशि रूपये 67,00,00,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 31

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

विदेशी सहायता प्राप्त योजनाओं हेतु कोई पारदर्शी स्पष्ट नीति का प्रावधान नहीं है।

## मांग संख्या– 75

## जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाएं

मतदेय राशि रूपये 3,97,59,98,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 31

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

राज्य में नाबार्ड से सहायता प्राप्त सिंचाई परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति का उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 60

## जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय

| | |
|---|---|
| मतदेय राशि | रूपये 2,08,50,00,000 |

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक –23

<u>कोई भी कटौती प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए।</u>

# मांग संख्या– 65

# विमानन विभाग

मतदेय राशि रूपये 3,14,99,90,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 44

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   कोरबा में व्यावसायिक हवाई अड्डा के विकास हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

2. श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   ऊर्जा नगरी कोरबा में व्यावसायिक हवाई अड्डा के विकास हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

3. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   बिलासपुर एयरपोर्ट में सुविधाओं का कोई उल्लेख नहीं है।

# मांग संख्या– 71

## इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

मतदेय राशि रूपये 4,16,99,99,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 35

1. डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

   प्रदेश के सभी ग्राम–पंचायतों को इन्टरनेट से जोड़ने का बजट में समुचित प्रावधान नहीं है।

2. श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य : एक रूपये की कमी की जावे.

   मुख्यमंत्री मोबाईल नवीन टॉवर योजना की स्वीकृति का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

## मांग संख्या– 77

## सुशासन एवं अभिसरण विभाग से संबंधित व्यय

मतदेय राशि                                        रूपये 77,00,00,000

## बजट अनुमान पुस्तक क्रमांक – 06

डॉ. चरण दास महंत, नेता प्रतिपक्ष : एक रूपये की कमी की जावे.

सुशासन एवं अभिसरण विभाग अंतर्गत जिलों में सेटअप स्वीकृत करने का बजट में कोई प्रावधान नहीं है।